तापमान

अधिकतम 36.0 डिग्री
न्यूनतम 26.0 डिग्री

हरिभूमि

रायगढ़-जशपुर भूमि

बिलासपुर, मंगलवार 6 अक्टूबर 2026

2

नर्मदा उत्सव में कथक से लोकनृत्य तक सजी सांस्कृतिक शाम



खबर संक्षेप

उच्चभिट्ठी रेलवे फाटक आज और कल रात बंद

रायगढ़। दक्षिण पूर्व मध्य रेलवे के बिलासपुर मंडल के किरोड़ीमलनगर यार्ड स्थित मानव सहित समपार फाटक उच्चभिट्ठी पर लाइन मरम्मत कार्य किया जाएगा। इसके चलते फाटक 6 और 7 अक्टूबर की रात रात 8 बजे से सुबह 6 बजे तक सड़क यातायात के लिए बंद रहेगा। इस दौरान वाहन चालक आवागमन के लिए पास के जिंदल अंडरपास और मुरारीपाली अंडरपास का उपयोग कर सकेंगे। रेलवे प्रशासन ने लोगों से सहयोग की अपील की है।

झाराडीह में गर्डर की सफल लॉन्चिंग



खरसिया। दक्षिण पूर्व मध्य रेलवे के बिलासपुर मंडल के झारसुगुड़ा-बिलासपुर मल्टीपल लाइन विद्युतीकृत सेक्शन में झाराडीह यार्ड स्थित समपार फाटक संख्या 316 पर निर्माणाधीन रोड ओवर ब्रिज के काम में महत्वपूर्ण प्रगति हुई है। यहां रोड ओवर ब्रिज के बो-स्ट्रिंग स्टील गर्डर की उच्च क्षमता वाली क्रेन की मदद से सफलतापूर्वक लॉन्चिंग की गई। रेलवे के अनुसार गर्डर लॉन्चिंग के लिए 2 घंटे 30 मिनट का पावर-कम-ट्रैफिक ब्लॉक लिया गया था। इस दौरान गर्डर लॉन्चिंग के साथ कई महत्वपूर्ण संरक्षा संबंधी कार्य भी पूरे किए गए। खास बात यह रही कि इन कार्यों के लिए अतिरिक्त ट्रेनों को प्रभावित किए बिना निर्धारित समय में काम पूरा किया गया। ब्लॉक के दौरान खरसिया स्टेशन पर 2 टीडब्ल्यूएस और 2 टीडब्ल्यूएसईजे का इन्सर्शन किया गया। वहीं बाराद्वार स्टेशन पर एक डब्ल्यूसीएमएस का इन्सर्शन किया गया। इसके अलावा रोड ओवर ब्रिज पर दो पॉइंट्स की टैम्पिंग और ड्यूमेटिक मशीन की सहायता से 1410 मीटर ट्रैक की टैम्पिंग भी पूरी की गई। रेलवे के अभियांत्रिकी, सिग्नल एवं दूरसंचार, टीआरडी समेत विभिन्न विभागों के अधिकारियों, पर्यवेक्षकों और कर्मचारियों ने आपसी समन्वय से निर्धारित सुरक्षा मानकों के तहत कार्य पूरा किया। रेलवे का कहना है कि रोड ओवर ब्रिज का निर्माण पूरा होने से समपार फाटक पर सड़क यातायात की निर्भरता कम होगी। इससे सड़क उपयोगकर्ताओं के आवागमन के साथ रेल परिचालन की सुरक्षा और सुगमता भी बढ़ेगी।

आंगनबाड़ी में पोषण जागरूकता कार्यक्रम

रायगढ़। सेवा संकल्प अभियान के तहत जिले के आंगनबाड़ी केंद्रों में आंगन मिलन सेवा कार्यक्रम के माध्यम से पोषण जागरूकता और जनभागीदारी से जुड़ी गतिविधियां जारी हैं। सराईपाली, तमनार में लोकसभा सांसद राधेश्याम राठिया ने आंगनबाड़ी कार्यकर्ताओं को प्रमाण पत्र एवं पौधे देकर सम्मानित किया। इस दौरान हर घर मुनगा, घर घर मुनगा अभियान के तहत ब्रोशर वितरित किए गए और जनभागीदारी का संदेश दिया गया। जोगीतराई में पौष्टिक थाली एवं व्यंजन प्रदर्शनी, स्वस्थ बालक बालिका, फैंसी ड्रेस और मेहंदी प्रतियोगिता, अन्नप्राशन तथा न्योता भोज कराया गया। डोलेसरा 2 में गोदभराई, अन्नप्राशन और पोषण जागरूकता गतिविधियां हुईं। ठेंगापाली 2 में पौष्टिक व्यंजन प्रदर्शनी, चित्रकला एवं कुर्सी दौड़ आयोजित की गई। इसी तरह चेलिटोंगरी, वैद्यपारा सेमीपाली में मुनगा पौधरोपण, तुरंगा रामचंडीपारा में गोदभराई, अन्नप्राशन एवं मेहंदी प्रतियोगिता, बिंजकोट में मेरी कहानी, मेरी जुबानी तथा अजा पारा में एनीमिया जागरूकता और पौष्टिक थाली प्रदर्शनी आयोजित हुई। बायसी और मेडरमार में हितग्राहियों ने योजनाओं से मिले लाभ के अनुभव साझा किए। विभिन्न केंद्रों में कार्यकर्ता, सहायिका एवं मितानिनों का सम्मानए हितग्राहियों को विभागीय योजनाओं की जानकारी, न्योता भोज और हर घर मुनगा, घर घर मुनगा के तहत पौधरोपण भी किया गया।

बिंजकोट-दर्रामुड़ा के ग्रामीणों ने एसईएमएल पर आश्वासन देकर मुकरने का लगाया आरोप

एसईएमएल की वादाखिलाफी से भड़के ग्रामीण, 8 से कंपनी गेट पर अनिश्चितकालीन धरने का ऐलान

हरिभूमि न्यूज ⏭ रायगढ़

बिंजकोट-दर्रामुड़ा क्षेत्र के आश्रित ग्रामीणों ने अंग्रेजी माध्यम स्कूल की मांग को लेकर एसईएमएल कंपनी प्रबंधन के खिलाफ मोर्चा खोलने का निर्णय लिया है। ग्रामीणों ने कलेक्टर को ज्ञापन सौंपकर 8 अक्टूबर से कंपनी के मुख्य द्वार पर अनिश्चितकालीन धरना प्रदर्शन और हड़ताल शुरू करने की जानकारी दी है। लंबे समय से अंग्रेजी माध्यम स्कूल की मांग की जा रही है, लेकिन अब तक उनकी मांग पूरी नहीं हुई है।

ग्रामीणों के अनुसार, एसईएमएल कंपनी प्रबंधन की ओर से पूर्व में स्कूल शुरू करने को लेकर कई बार लिखित आश्वासन दिए गए, लेकिन जमीनी स्तर पर अब तक स्कूल का निर्माण शुरू नहीं हुआ है। क्षेत्र के आसपास अंग्रेजी माध्यम का कोई स्कूल नहीं होने के कारण बच्चों को शिक्षा के लिए दूर जाना पड़ता है। एक ओर गांव जंगल से घिरा है, जबकि दूसरी ओर रेल लाइन होने के कारण आवागमन की परिस्थितियां भी चुनौतीपूर्ण हैं। ग्रामीणों ने कंपनी की सीएसआर गतिविधियों पर भी सवाल उठाए हैं। उनका कहना है कि कंपनी द्वारा सीएसआर मद से सड़क निर्माण जैसे कार्यों पर बड़ी राशि खर्च की जा रही है, लेकिन बच्चों की शिक्षा से जुड़े स्कूल निर्माण के मुद्दे पर लगातार टालमटोल किया जा रहा है।



वनभूमि पर मिट्टी भंडारण का भी आरोप

अपनी शिकायत लेकर कलेक्टोरेट पहुंचे ग्रामीणों ने बताया कि कंपनी प्रबंधन द्वारा गांव की शासकीय वनभूमि पर ग्रामीणों की सहमति के बिना मिट्टी का भंडारण किया जा रहा है। इस मामले को लेकर भी उनमें नाराजगी देखने को मिल रही है। ग्रामीणों का कहना है कि कंपनी प्रबंधन के जिम्मेदार अधिकारियों से चर्चा करने का प्रयास किया गया, लेकिन उन्हें संतोषजनक जवाब नहीं मिला। कंपनी प्रबंधन केवल आश्वासन देकर की झूनझूना थमाने का काम कर रहा है, जिससे ग्रामीणों में आक्रोश व्याप्त है।

एक सूत्री मांग पर आंदोलन

ग्रामीणों ने स्पष्ट किया है कि उनका मुख्य मुद्दा क्षेत्र में अंग्रेजी माध्यम स्कूल की स्थापना है। कलेक्टोरेट पहुंचे ग्रामवासियों ने स्कूल के लिए तत्काल भूमि पूजन कर निर्माण कार्य शुरू करने और स्कूल का संचालन कंपनी प्रबंधन द्वारा प्रारंभ करने की मांग की है। ग्रामीणों ने आंदोलन के दौरान उत्पन्न होने वाली किसी भी स्थिति की जिम्मेदारी कंपनी प्रबंधन की होने की बात कही है।

ग्रामीणों का कहना है कि कंपनी प्रबंधन द्वारा किए गए वादे के अनुसार अब तक अंग्रेजी माध्यम स्कूल संचालित हो जाना चाहिए था। किंतु अब तक इस पर ध्यान नहीं दिया जा रहा है। उन्होंने कंपनी की वादा खिलाफी से त्रस्त होकर कंपनी के मुख्य गेट पर अनिश्चितकालीन हड़ताल करने की चेतावनी दी है।

पण्ड्रीपाली में 8 को होगा सद्भावना शिविर

सारंगढ़। आदिम जाति तथा अनुसूचित जाति विकास विभाग द्वारा प्रतिवर्ष की भांति इस वर्ष भी जिले में अस्पृश्यता निवारण और सामाजिक सद्भावना को बढ़ावा देने के उद्देश्य से 8 अक्टूबर को विकासखण्ड बिलाईगढ़ के ग्राम पण्ड्रीपाली में अस्पृश्यता निवारणार्थ सद्भावना शिविर का आयोजन किया जाएगा। शिविर प्रातः 10 बजे से शासकीय हाई स्कूल परिसर पण्ड्रीपाली में प्रारंभ होगा। सद्भावना शिविर में सामाजिक समरसता का संदेश देते हुए वर्ण भेद रहित सामूहिक भोज का आयोजन किया जाएगा। इसके साथ ही सांस्कृतिक कार्यक्रम, सम्भाषण, चित्रकला एवं निबंध सहित विभिन्न गतिविधियां आयोजित की जाएंगी। इन गतिविधियों के माध्यम से अस्पृश्यता के उन्मूलन के साथ आपसी सद्भाव, समानता और सामाजिक एकता का संदेश दिया जाएगा। इसी अवसर पर सेवा संकल्प अभियान के अंतर्गत एक गांव गोद में पहल के तहत विभिन्न विभागों द्वारा प्रधानमंत्री आदर्श ग्राम पण्ड्रीपाली में सेवा कार्य किए जाएंगे।

डीजल टैंकर और कार में भिड़ंत, पलटते ही बाल्टी-जेरिकेन लेकर पहुंचे ग्रामीण

हरिभूमि न्यूज ⏭ रायगढ़

कापू थाना क्षेत्र में सोमवार की दोपहर मड़वाताल घाटी के पास डीजल से भरे टैंकर और कार की टक्कर से अफरा-तफरी मच गई। भिड़ंत के बाद टैंकर सड़क पर पलट गया, जबकि कार का अगला हिस्सा बुरी तरह क्षतिग्रस्त हो गया। इस हादसे के बाद टैंकर बीच सड़क पर पलट गया, टैंकर के पलटते ही डीजल लेने बाल्टी व जरकीन लेकर लोगों की भीड़ वहां एकत्र हो गई। बताया जा रहा है कि कार सवार चालक घायल हो गया है। जिसका उपचार समीपस्थ शासकीय अस्पताल में चल रहा है।

इस संबंध में मिली जानकारी के अनुसार सोमवार की दोपहर करीब साढ़े 12 बजे डीजल से भरा टैंकर कापू से धरमजयगढ़ की ओर जा रहा था। इसी दौरान धरमजयगढ़ की तरफ से अंबिकापुर जा रही कार मड़वाताल घाटी के पास टैंकर से टकरा गई। यह टक्कर इतनी जोरदार थी कि टैंकर अनियंत्रित होकर सड़क पर पलट गया और कार का अगला हिस्सा बुरी तरह क्षतिग्रस्त हो गया। वहीं टैंकर के पलटने के बाद उसका डीजल सड़क पर बहने लगा। देखते ही देखते मौके पर आसपास के लोगों की भीड़ जुट गई। कुछ लोग बाल्टी और जरकीन लेकर टैंकर से रिस रहे डीजल को भरने में लग गए। इससे घटनास्थल पर स्थिति और संवेदनशील हो गई।इन सब के इतर हादसे की सूचना मिलते ही कापू पुलिस मौके पर पहुंची। जिसके बाद पुलिस ने तत्काल लोगों को टैंकर से दूर हटाया और सुरक्षा के मद्देनजर दोनों ओर से वाहनों की आवाजाही रोक दी। सड़क पर डीजल फैलने के कारण आगजनी की आशंका को देखते हुए पुलिस ने लोगों को घटनास्थल से दूर रखा।

कापू थाना के मड़वाताल के समीप हुआ हादसा



कार सवार घायल, उपचार जारी

बताया जा रहा है कि कार में सवार नीतू वैष्णव निवासी रायपुर टाटीबंध को इस हादसे में चोटें आई हैं, जिसे उपचार के लिए समीपस्थ शासकीय अस्पताल में भर्ती कराया गया है। जानकारी के अनुसार हादसे के समय कार में एक पुरुष और एक युवती के सवार होने की जानकारी सामने आई है।

11 लीटर शराब के साथ महिला गिरफ्तार

रायगढ़। तमनार पुलिस ने ग्राम बजरमुड़ा में कार्रवाई करते हुए 11 लीटर महुआ शराब बरामद की है। पुलिस ने शराब अवैध बिक्री के लिए रखने के आरोप में 55 वर्षीय महिला को गिरफ्तार कर आबकारी एक्ट के तहत कार्रवाई की है। तमनार पुलिस की पेट्रोलिंग टीम मुड़ागांव, सराईटोला, कोलम, चितवाही, ढोलनारा और बजरमुड़ा क्षेत्र में गश्त कर रही थी। इसी दौरान मुखबिर से सूचना मिली कि बजरमुड़ा निवासी राजकुमारी सारथी अपने घर की बाड़ी में हाथ भट्ठी से तैयार महुआ शराब बिक्री के लिए रखी हुई है। सूचना मिलते ही पुलिस टीम ने मौके पर पहुंचकर घेराबंदी की और तलाशी ली। इस दौरान राजकुमारी सारथी पति भगत राम सारथी के कब्जे से कोल्ड ड्रिंक की बोतलों और जरिकेन में भरी कुल 11 लीटर महुआ शराब बरामद हुई। मामले में पुलिस ने शराब को विधिवत जब्त करते हुए आरोपी महिला के खिलाफ थाना तमनार में धारा 34(2), 59-क आबकारी एक्ट के तहत कार्रवाई की है।

कार्रवाई के विरोध में पटवारियों का मोर्चा आज सामूहिक अवकाश, करेंगे प्रदर्शन

रायगढ़। राजस्व पटवारी संघ ने अपने पदाधिकारियों के खिलाफ की जा रही कार्रवाई के विरोध में आंदोलन का ऐलान किया है। संघ ने आज रायगढ़ जिले सहित पूरे प्रदेश भर के पटवारियों द्वारा एक दिवसीय सामूहिक अवकाश लेकर राजधानी में धरना-प्रदर्शन और रैली में शामिल होने की घोषणा की है।

■ पटवारी संघ ने राज्य अध्यक्ष समेत पदाधिकारियों पर की गई कार्रवाई का विरोध किया

संघ की ओर से आयुक्त भू-अभिलेख को भेजे गए पत्र में कहा गया है कि बीते 21 सितंबर को शासन के समक्ष प्रस्तुत ज्ञापन में पटवारियों के सामने आ रही व्यवहारिक कठिनाइयों को दूर करने की मांग की गई थी। संघ का आरोप है कि इस ज्ञापन को आधार बनाकर राज्य अध्यक्ष, जिला अध्यक्ष और संघ के अन्य पदाधिकारियों व सदस्यों के खिलाफ कार्रवाई की जा रही है। रायगढ़ जिले के अनुविभागीय अधिकारी राजस्व द्वारा प्रदेश अध्यक्ष भागवत प्रसाद कश्यप को पूर्व में किए गए कार्यों को लेकर कारण बताओ सूचना पत्र जारी किया गया था। संघ का कहना है कि संबंधित पटवारी उस अवधि में तहसील मुकड़ेगा और अनुविभाग तमनार में पदस्थ रहे हैं। मामले में कार्यालय स्तर पर जवाब भी प्रस्तुत किया जा चुका है। किंतु करीब 18 महीने बाद उसी समयावधि को लेकर दोबारा कारण बताओ नोटिस जारी किए जाने से समस्त पटवारियों में रोष है। संगठन का कहना है कि कार्रवाई के जरिए संघ के पदाधिकारियों को निशाना बनाया जा रहा है। इसी के विरोध में संघ ने 6 अक्टूबर को एक दिवसीय सामूहिक अवकाश का निर्णय लिया है। इसके बाद पटवारी जिला मुख्यालय रायपुर में आयोजित धरना प्रदर्शन और रैली में शामिल होकर शासन-प्रशासन के सामने अपना पक्ष रखेंगे। संघ ने स्पष्ट किया है कि आंदोलन का उद्देश्य संबंधित कार्रवाई का विरोध दर्ज कराना और पटवारियों के खिलाफ की जा रही कार्रवाई पर शासन का ध्यान आकर्षित करना है।



ऑनलाइन क्रिकेट सट्टा खिलाते युवक गिरफ्तार, मोबाइल में मिले सट्टे के लिंक

रायगढ़। चक्रधरनगर पुलिस ने ऑनलाइन क्रिकेट सट्टा खिलाते हुए एक युवक को गिरफ्तार किया है। आरोपी मोबाइल के जरिए लाइव क्रिकेट मैच में हार-जीत पर दांव लगवाकर सट्टा खिला रहा था। पुलिस ने उसके कब्जे से मोबाइल जब्त किया है। पूछताछ में पुलिस को मुख्य खाईवाल के संबंध में भी जानकारी मिली है।

जानकारी के मुताबिक, मुखबिर से सूचना मिली थी कि बोईरदादर के शालिनी स्कूल रोड स्थित गुरुकृपा प्रोविजन स्टोर के पास एक व्यक्ति मोबाइल से ऑनलाइन क्रिकेट सट्टा खिला रहा है। सूचना के आधार पर पुलिस टीम ने मौके पर घेराबंदी कर पंकज जय सिंह पिता गोविंद राम जय सिंह निवासी सिंधी कॉलोनी पक्की खोली को पकड़ लिया। जांच के दौरान उसके मोबाइल में ऑनलाइन क्रिकेट सट्टा संचालित करने के साक्ष्य मिले। पुलिस को मोबाइल में गूगल क्रोम की हिस्ट्री में सट्टा साइट की लिंक संचालित किए जाने के साक्ष्य मिले। पूछताछ में आरोपी ने करीब 1 साल से क्रिकेट सट्टे से जुड़े होने की बात स्वीकार की। आरोपी सट्टे से प्राप्त रकम यूपीआई के जरिए मुख्य खाईवाल को भेजता था। पुलिस ने आरोपी के खिलाफ छत्तीसगढ़ जुआ प्रतिषेध अधिनियम की धारा 7 और धारा 3(5) के तहत अपराध दर्ज किया है। आरोपी को न्यायिक रिमांड पर भेजने की कार्रवाई की गई है। पुलिस को पूछताछ में जिस खाईवाल का नाम और नेटवर्क संबंधी जानकारी मिली है, उसके आधार पर आगे जांच की जा रही है।



बाइक चोरी करते रंगे हाथों पकड़े गए तीन युवक

रायगढ़। घरघोड़ा पुलिस ने वाहन चोरी के मामले में कार्रवाई करते हुए तीन आरोपियों को गिरफ्तार किया है। पुलिस ने आरोपियों के कब्जे से चार चोरी गए दोपहिया वाहन बरामद किया है। बरामद वाहनों की कुल कीमत करीब 3 लाख रुपये बताई गई है। इनमें एक मोटरसाइकिल के दुर्ग जिले के सुपेला थाना क्षेत्र से चोरी होने की भी पुष्टि हुई है।

जानकारी के अनुसार घरघोड़ा निवासी सुनील शर्मा ने रिपोर्ट दर्ज कराई थी कि 18 सितंबर को उनके घर के सामने खड़ी टीवीएस जुपिटर स्कूटी चोरी हो गई है। मामले में अपराध दर्ज कर पुलिस ने आसपास के सीसीटीवी फुटेज खंगालने के साथ संदिग्धों की तलाश शुरू की। इसी दौरान 3 अक्टूबर को घरघोड़ा पुलिस वाहन चेकिंग कर रही थी। इसी दौरान चोरी की स्कूटी पर सवार तीन संदिग्धों को पकड़ा गया। पूछताछ में उनकी पहचान मिलन दास महंत, हरिशंकर महंत और कन्हैया दास महंत के रूप में हुई। पूछताछ में आरोपियों ने पुलिस को बताया कि वे चोरी की स्कूटी लेकर दोबारा वाहन चोरी करने के लिए इलाके में घूम रहे थे। पुलिस के मुताबिक, तीनों ने मिलकर अलग-अलग स्थानों से दोपहिया वाहन चोरी करने की योजना बनाई थी। आरोपियों में मिलन और हरिशंकर सगे भाई हैं, जबकि कन्हैया उनका चचेरा भाई है। हरिशंकर मोटरसाइकिल मैकेनिक है, जबकि कन्हैया डभरा क्षेत्र में ड्रायवरी करता है। पुलिस पूछताछ में आरोपियों ने मई 2026 में छाल के बरभौना चौक के पास से मोटरसाइकिल चोरी करने, करीब तीन महीने पहले घरघोड़ा के नवापारा चौक से चाबी लगी मोटरसाइकिल चोरी करने तथा करीब दो महीने पहले छाल के बोजिया स्थित मस्जिद के पास से 2 मोटरसाइकिल चोरी करने की बात स्वीकार की। इसके बाद 18 सितंबर को घरघोड़ा से स्कूटी चोरी की गई। पुलिस ने आरोपियों की निशानदेही पर चारों वाहन बरामद कर लिए। बरामद मोटरसाइकिल को सशक्त मोबाइल ऐप पर चेक करने पर सुपेला, दुर्ग में उसके चोरी होने का मामला दर्ज मिला। पुलिस ने तीनों आरोपियों को गिरफ्तार कर न्यायिक रिमांड पर जेल भेज दिया है।



तीन वर्ष से वेतन में बढ़ोत्तरी नहीं, नियमितीकरण व वेतन वृद्धि की मांग

संविदा कर्मचारियों ने वित्त मंत्री को सौंपा ज्ञापन

हरिभूमि न्यूज ⏭ रायगढ़

विभिन्न विभागों में कार्यरत संविदा कर्मचारियों ने नियमितीकरण और वेतन वृद्धि की मांग करते हुए वित्त मंत्री ओपी चौधरी से मुलाकात करते हुए अपनी समस्याओं से उन्हें अवगत कराया है। वहीं इस दौरान सर्व विभाग संविदा महासंघ के पदाधिकारी व सदस्यों ने वित्त मंत्री से चुनावी समय में घोषणा पत्र में किए गए वादों पर उचित कार्रवाई किए जाने की भी मांग की।

इस संबंध में संघ के पदाधिकारियों का कहना है कि वर्ष 2023 के विधानसभा चुनाव के दौरान भाजपा के घोषणा पत्र में संविदा कर्मचारियों से जुड़े विषयों को लेकर किए गए वादों को अब तक पूरा नहीं किया गया है। वर्ष 2023 से लेकर अब तक कई बार वे शासन प्रशासन की दहलीज पर पहुंच कर ज्ञापन सौंपते हुए अपनी मांगे रख चुके हैं। किंतु इस संबंध में ध्यान नहीं दिया जा रहा है। चुनाव से पहले वर्तमान वित्त मंत्री व विधायक ओपी चौधरी ने भी संविदा कर्मचारियों से मुलाकात के दौरान मध्यप्रदेश की तर्ज पर छत्तीसगढ़ में बेहतर व्यवस्था लागू करने का आश्वासन दिया था। संघ का कहना है कि इन मांगों पर अब तक अपेक्षित निर्णय नहीं होने के कारण कर्मचारियों में असंतोष है। ज्ञापन में संविदा कर्मचारियों के नियमितीकरण के साथ वेतन वृद्धि की मांग प्रमुखता से रखी गई। कर्मचारियों ने कहा कि सरकार के गठन के करीब तीन वर्ष बाद भी उनके वेतन में किसी प्रकार की वृद्धि नहीं हुई है। लंबे समय से संविदा व्यवस्था में काम कर रहे कर्मचारियों का कहना है कि नियमितीकरण और वेतन संबंधी निर्णय उनके भविष्य और आर्थिक स्थिति से सीधे जुड़े हैं। इस दौरान संघ के प्रतिनिधियों ने वित्त मंत्री के समक्ष अपनी मांगों और समस्याओं से संबंधित विभिन्न बिंदु रखे। कर्मचारियों ने शासन स्तर पर सकारात्मक पहल करते हुए लंबित मांगों पर निर्णय लेने की अपेक्षा जताई। ज्ञापन सौंपने के दौरान सारंगढ़ जिला सचिव नवीन सतपथी, सक्ती जिले के अभिषेक देवांगन, रायगढ़ के गोपाल मालाकार, हीरा साहू, अग्रसेन पटेल, दुर्गेश मेहर, दीपक गिरी गोस्वामी, संघ जिलाध्यक्ष पवन प्रधान, सलाहकार मनोज अग्रवाल, सचिव चंद्रकांत जायसवाल, उपाध्यक्ष शकुंतला एक्का और प्रवक्ता अभिषेक स्वर्णकार सहित अन्य पदाधिकारी एवं सदस्य मौजूद रहे।



नाबालिग बरामद, शादी का झांसा देकर ओडिशा ले जाने वाला गिरफ्तार

रायगढ़। तमनार पुलिस ने लापता 14 वर्षीय बालिका को 24 घंटे के भीतर सकुशल बरामद कर लिया। पुलिस ने बालिका को शादी का झांसा देकर अपने साथ ले जा रहे 22 वर्षीय आरोपी नशरूल आलम को गिरफ्तार कर न्यायिक रिमांड पर जेल भेज दिया है।

जानकारी के अनुसार 30 सितंबर को बालिका की मां ने तमनार थाने में उसके लापता होने की रिपोर्ट दर्ज कराई थी। मामले में धारा 137(2) के तहत अपराध दर्ज कर जांच शुरू की गई। बालिका की तलाश के दौरान पुलिस ने उसके मोबाइल फोन, सोशल मीडिया अकाउंट और सहेलियों से पूछताछ कर जानकारी जुटाई। जांच में पता चला कि गांव में नल-जल योजना में मजदूरी करने वाले नशरूल आलम से बालिका की बातचीत होती थी। पुलिस ने आरोपी के मोबाइल नंबर पर संपर्क किया, लेकिन वह लगातार पुलिस को गुमराह करता रहा। इसी दौरान फोन पर बातचीत के दौरान पुलिसकर्मियों को पीछे से ट्रेन चलने की आवाज सुनाई दी। इस सुराग के आधार पर पुलिस ने आरोपी के ओडिशा की ओर जाने की आशंका जताई और टीम तत्काल रवाना हुई। पुलिस टीम सड़क मार्ग से टाटानगर पहुंची, जहां जानकारी मिली कि आरोपी और बालिका कुछ समय पहले वहां से निकल चुके हैं। तलाश के दौरान पुलिस को रास्ते में दोनों दिखाई दिए। तब पुलिस ने दोनों को पकड़ लिया।

खबर संक्षेप

शिक्षा शर्मा में ग्रहण किया पदभार



बरमकेला। ऋचा सिंह के मंत्रालय, नवा रायपुर के लिए भारमुक्त होने के बाद डिप्टी कलेक्टर शिक्षा शर्मा ने बिलाईगढ़ अनुविभागीय अधिकारी राजस्व एसडीएम के रूप में पदभार ग्रहण कर लिया है। शासन के आदेश के तहत उन्हें आगामी आदेश तक बिलाईगढ़ एसडीएम की जिम्मेदारी सौंपी गई है। पदभार ग्रहण करने के साथ ही उन्होंने बिलाईगढ़ अनुविभाग की राजस्व एवं प्रशासनिक व्यवस्था की जिम्मेदारी संभाल ली है। शिक्षा शर्मा सारंगढ़ बिलाईगढ़ जिले में विभिन्न प्रशासनिक जिम्मेदारियों का निर्वहन कर चुकी हैं। जिले के अलग अलग क्षेत्रों में कार्य करने के कारण उन्हें स्थानीय प्रशासनिक व्यवस्था के साथ.साथ क्षेत्र के सामाजिक एवं ग्रामीण परिवेश की भी अच्छी जानकारी है।

केंद्रीय औद्योगिक सुरक्षा के 10 जवानों ने किया रक्तदान



घरघोड़ा। सेवा संकल्प अभियान 2026 के अंतर्गत सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र घरघोड़ा में रक्तदान शिविर का आयोजन किया गया। शिविर में केंद्रीय औद्योगिक सुरक्षा बल यूनिट घरघोड़ा के 10 सुरक्षा कर्मियों ने स्वैच्छिक रक्तदान किया। रक्तदान शिविर में के जवानों ने उत्साहपूर्वक भाग लेते हुए जरूरतमंद मरीजों के लिए रक्तदान कर मानवीय सेवा एवं सामाजिक जिम्मेदारी का संदेश दिया। इस अवसर पर खण्ड चिकित्सा अधिकारी डॉ. सेतराम पैकरा ने कहा किए श्रक्तदान एक महान मानवीय सेवा है। हमारे द्वारा किया गया रक्तदान किसी जरूरतमंद व्यक्ति के जीवन को बचाने में महत्वपूर्ण भूमिका निभा सकता है। स्वस्थ एवं पात्र व्यक्तियों को नियमित रूप से स्वैच्छिक रक्तदान के लिए आगे आना चाहिए। रक्तदान को लेकर लोगों में किसी भी प्रकार का भय या भ्रम नहीं होना चाहिए। समाज में रक्तदान के प्रति जागरूकता बढ़ाना हम सभी की सामूहिक जिम्मेदारी है। उन्होंने कहा कि सुरक्षा कर्मियों द्वारा रक्तदान के लिए आगे आना समाज के लिए प्रेरणादायक है। शिविर के सफल आयोजन में

मधुगुंजन का पचमढ़ी में आयोजन, 120 कलाकारों ने दी 75 प्रस्तुतियां

नर्मदोत्सव में कथक से लोकनृत्य तक सजी सांस्कृतिक शाम

रायगढ़। सतपुड़ा की रानी पचमढ़ी में आयोजित मधुगुंजन नर्मदोत्सव 2026 में भारतीय कला और संस्कृति के विविध रंग देखने को मिले। मधुगुंजन संगीत समिति रायगढ़ एवं वैष्णव संगीत महाविद्यालय के संयुक्त तत्वावधान में आयोजित सांगीतिक दिवस में छत्तीसगढ़, मध्यप्रदेश, कोलकाता और तमिलनाडु से पहुंचे कलाकारों ने अपनी प्रस्तुतियों से दर्शकों को मंत्रमुग्ध किया।

कार्यक्रम की शुरुआत सुबह 10 बजे उद्घाटन सत्र के साथ हुई। मंच पर कथक, भरतनाट्यम, शास्त्रीय गायन, तबला वादन, सुगम गायन, लोक नृत्य, उपशास्त्रीय नृत्य और सिनेमेटिक नृत्य सहित विभिन्न विधाओं की प्रस्तुतियां हुईं। पूरे आयोजन के दौरान करीब 75 प्रस्तुतियां दी गईं, जिसमें लगभग 120 प्रतिभागियों ने हिस्सा लिया। उत्सव में कथक नृत्य की विशेष प्रस्तुतियों ने भी दर्शकों का ध्यान आकर्षित किया। दिशा सिंह ठाकुर, मिष्ठी वैष्णव, श्रद्धा ऋतुपर्णा स्वाइन, यामी वैष्णव, अरण्या गोयल, साईंश्री इजरदार, नृत्या शुक्ला और सान्वी जायसवाल सहित कलाकारों ने अपनी कला का प्रदर्शन किया। कार्यक्रम में वैष्णव संगीत महाविद्यालय के संचालक शरद वैष्णव, वरिष्ठ कलाविद मनोज श्रीवास्तव, कार्यक्रम अध्यक्ष अजीत स्वाइन, नृत्य गुरु मौलश्री सिंह, निहारिका यादव, रीना अग्रवाल, रोमी अग्रवाल, शिखा अग्रवाल, रचना श्रीवास्तव, सुनैना स्वाइन और रौशनी वैष्णव सहित कला क्षेत्र से जुड़े लोग मौजूद रहे। समापन समारोह में गोपाल दास कावरा, अलकेश जैन, अंतरराष्ट्रीय कथक नृत्यांगना बासंती वैष्णव, रायगढ़ घराने के कला गुरु पंडित सुनील वैष्णव, कलाविद मनोज श्रीवास्तव, आयोजक शरद



वैष्णव और अजीत स्वाइन उपस्थित रहे। आयोजन को सफल बनाने में अनंत होलीडेज भोपाल के डायरेक्टर दुर्गेश सेजकर और उनकी टीम के स्वच्छ स्वरूप, विशाल एवं आयुष चौरे का भी सहयोग रहा। आयोजकों ने कहा कि भारतीय शास्त्रीय एवं लोक कलाओं को नई पीढ़ी तक पहुंचाने और कलाकारों को मंच उपलब्ध कराने के उद्देश्य से ऐसे आयोजनों को आगे भी जारी रखा जाएगा। मधुगुंजन संगीत समिति द्वारा कला एवं संस्कृति के संरक्षण और प्रसार के लिए देश के विभिन्न राज्यों में गतिविधियां संचालित की जा रही हैं।



ओपी जिंदल विद्यालय की दो समूह ने हासिल किया प्रथम स्थान

इस राष्ट्रीय स्तरीय महोत्सव में विभिन्न राज्यों के विद्यालयों और सांस्कृतिक संस्थाओं ने भाग लिया था। कड़ी प्रतिस्पर्धा के बीच ओपी जिंदल विद्यालय, तराईमाल के विद्यार्थियों ने अपनी उत्कृष्ट प्रस्तुति से निर्णायक मंडल का मन मोह लिया। विद्यालय ने समूह गान प्रतियोगिता और लोक समूह नृत्य प्रतियोगिता, दोनों में प्रथम स्थान अर्जित किया। प्रतियोगिता के पश्चात विजेता विद्यार्थियों को मुख्य मंच पर विजय चिन्ह और प्रशस्ति पत्र प्रदान कर सम्मानित किया गया। इस उपलब्धि पर विद्यालय की प्राचार्या अलका गोडबोले ने कहा, यह सफलता विद्यार्थियों के निरंतर अभ्यास, अनुशासन और शिक्षकों के समर्पित मार्गदर्शन का परिणाम है। हमारे विद्यार्थी पढ़ाई के साथ-साथ सांस्कृतिक गतिविधियों में भी अव्वल हैं। यह हमारे लिए गर्व की बात है।





ग्रापं. जुर्डा में सेवा संकल्प शिविर आयोजित, हितग्राहियों को मिला आवास

रायगढ़। सेवा संकल्प अभियान के अंतर्गत जनपद पंचायत रायगढ़ के स्कूल प्रांगण जुर्डा में ब्लॉक स्तरीय शिविर का आयोजन किया गया। शिविर में विभिन्न शासकीय योजनाओं के पात्र हितग्राहियों को लाभान्वित किया गया और उन्हें शासन की जनकल्याणकारी योजनाओं की जानकारी दी गई। शिविर में 17 लोगों को आबादी पट्टा का अधिकार अभिलेख पत्र प्रदान किया गया। वीबी जी राम जी योजना के तहत 4 लोगों को जॉब कार्ड दिए गए।

■ किसान सम्मान निधि व आबादी पट्टा की मांग भी हुई पूरी

जुर्डा की कुमोदनी प्रधान एवं सुदामा यादव तथा सियारपाली के अर्जुन एवं चक्रधर यादव को आवास योजना का लाभ मिला। वहीं किसान जयदेव ठाकुर और लोकनाथ राणा को प्रधानमंत्री किसान सम्मान निधि योजना का लाभ प्रदान किया गया। उद्यान विभाग द्वारा 12 हितग्राहियों को मुनगा पौधों का वितरण किया गया। इस अवसर पर जनपद पंचायत अध्यक्ष श्रीमती सुजाता सुकलाल चौहान, जिला पंचायत सदस्य श्रीमती सुषमा खलखो, उपाध्यक्ष राम श्याम डनसेना सहित स्थानीय जनप्रतिनिधि, गणमान्य नागरिक एवं बड़ी संख्या में ग्रामीण उपस्थित रहे। उल्लेखनीय है कि शासन के निर्देशानुसार जिले में 17 सितंबर से 17 अक्टूबर तक सेवा संकल्प अभियान चलाया जा रहा है। अभियान के तहत 1 से 7 अक्टूबर तक जिले के सभी विकासखंडों एवं नगरीय निकायों में शिविर आयोजित किए जा रहे हैं। इन शिविरों में शासन की 26 प्रमुख हितग्राहीमूलक योजनाओं से पात्र नागरिकों को लाभान्वित किया जा रहा है। साथ ही योजनाओं की जानकारी आम लोगों तक पहुंचाने और जनभागीदारी बढ़ाने पर जोर दिया जा रहा है।

आगामी शिविरों का कार्यक्रम

6 अक्टूबर को जनपद पंचायत लैलूंगा के हाईस्कूल प्रांगण नारायणपुर में तथा 7 अक्टूबर को नगर पंचायत कार्यालय परिसर तमनार एवं विधानसभा खरसिया अंतर्गत जनपद पंचायत खरसिया 2 के हाईस्कूल परिसर खम्हार में शिविर आयोजित किया जाएगा।

आंगनबाड़ी केंद्र में आंगन मिलन सेवा संपन्न

चंद्रपुर। नगर पंचायत चंद्रपुर के आंगनबाड़ी केंद्र क्रमांक 2 देवांगनपारा चंद्रपुर में सेवा संकल्प अभियान के अंतर्गत आंगन मिलन सेवा का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में जनप्रतिनिधियों, आंगनबाड़ी कार्यकर्ता एवं स्थानीय लोगों की सहभागिता रही। कार्यक्रम में आंगनबाड़ी कार्यकर्ता गंगा बाई सिदार ने महत्वपूर्ण भूमिका निभाई। उनके द्वारा आंगनबाड़ी केंद्र में संचालित गतिविधियों एवं बच्चों तथा महिलाओं से संबंधित सेवाओं की जानकारी दी गई।



आंगन मिलन के माध्यम से स्थानीय लोगों को आंगनबाड़ी केंद्र की गतिविधियों और शासन की जनकल्याणकारी योजनाओं से जोड़ने का प्रयास किया गया। इस अवसर पर नगर पंचायत चंद्रपुर की एल्डरमैन एवं भाजपा महिला मोर्चा सोशल मीडिया प्रभारी कविता पुरोहित उपस्थित रहीं। वहीं नगर पंचायत चंद्रपुर अध्यक्ष ओमप्रकाश देवांगन ने भी कार्यक्रम में सहभागिता की। उन्होंने आंगनबाड़ी केंद्रों के माध्यम से बच्चों एवं महिलाओं के लिए संचालित सेवाओं को महत्वपूर्ण बताते हुए ऐसे आयोजनों को जनजागरूकता की दिशा में उपयोगी बताया। इस दौरान आंगनबाड़ी केंद्र की गतिविधियों, बच्चों के पोषण एवं देखभाल तथा शासन की विभिन्न योजनाओं के प्रभावी क्रियान्वयन को लेकर चर्चा की गई।

सारंगढ़ जिले में जल्द खुलेगा डाइट कॉलेज, शिक्षा मंत्री ने की घोषणा

सारंगढ़। नवगठित सारंगढ़ बिलाईगढ़ जिले के शैक्षणिक विकास को नई उड़ान देने वाली बड़ी सौगात मिली है। 26वीं राज्य स्तरीय खेल प्रतियोगिता के शुभारंभ अवसर पर स्कूल शिक्षा मंत्री गजेंद्र यादव ने जिले में लंबे समय से प्रतीक्षित जिला शिक्षा एवं प्रशिक्षण संस्थान डाइट कॉलेज की स्थापना की घोषणा की। घोषणा के साथ ही जिले के युवाओं, विद्यार्थियों और शिक्षा जगत में उत्साह की लहर दौड़ गई है।

इस बहुप्रतीक्षित मांग के पूरा होने पर जिला पंचायत अध्यक्ष संजय भूषण पाण्डेय ने मुख्यमंत्री विष्णु देव साय एवं शिक्षा मंत्री गजेंद्र यादव का जिलेवासियों की ओर से आभार व्यक्त किया। उन्होंने कहा कि डाइट कॉलेज की स्थापना महज एक संस्थान का निर्माण नहीं, बल्कि सारंगढ़ बिलाईगढ़ के शैक्षणिक और



बौद्धिक विकास की मजबूत आधारशिला है। संजय भूषण पाण्डेय ने कहा कि डाइट कॉलेज के अस्तित्व में आने से जिले के युवाओं को डीएडए बीएड एवं शिक्षक प्रशिक्षण से जुड़े बेहतर अवसर और गुणवत्तापूर्ण संसाधन अपने ही जिले में उपलब्ध होंगे। अब उन्हें प्रशिक्षण के लिए दूसरे जिलों में जाने की आवश्यकता कम होगी। इससे विद्यार्थियों और उनके परिवारों पर पड़ने वाला आर्थिक बोझ, समय की बर्बादी और आवागमन की परेशानी भी कम होगी।

ग्रामीण प्रतिभाओं के लिए बड़ा अवसर

जिला पंचायत अध्यक्ष ने कहा कि डाइट कॉलेज का सबसे व्यापक लाभ जिले के ग्रामीण और दूरस्थ अंचलों के युवाओं को मिलेगा। सारंगढ़, बरमकेला और बिलाईगढ़ सहित सुदूर ग्रामीण एवं वनांचल क्षेत्रों के प्रतिभावान विद्यार्थी अब अपने गृह जिले में ही उच्च स्तरीय प्रशिक्षण एवं शैक्षणिक संसाधनों का लाभ उठा सकेंगे। उन्होंने कहा कि जिले के उन युवाओं के लिए यह घोषणा विशेष रूप से महत्वपूर्ण है, जिनके लिए दूसरे शहरों में जाकर प्रशिक्षण लेना आर्थिक रूप से कठिन होता है। स्थानीय स्तर पर संस्थान उपलब्ध होने से प्रतिभा को अवसर और युवाओं को अपने ही क्षेत्र में आगे बढ़ने का मंच मिलेगा।

निधन

मलेच्छराम खूंटे



बिलाईगढ़। ग्राम सुतिउरकुली, बिलाईगढ़ निवासी शिक्षक मलेच्छराम खूंटे का 2 अक्टूबर को आकस्मिक निधन हो गया। उनके निधन की खबर से पूरे क्षेत्र में शोक की लहर दौड़ गई। दिवंगत शिक्षक का अंतिम संस्कार उनके गृह ग्राम सुतिउरकुली में देर शाम किया गया, जहां उन्हें अंतिम विदाई देने के लिए बड़ी संख्या में परिजन, ग्रामवासी, शिक्षक साथी, शुभचिंतक एवं क्षेत्रवासी उपस्थित रहे। सरल, मिलनसार और शिक्षा के प्रति समर्पित शिक्षक मलेच्छराम खूंटे के आकस्मिक निधन से शिक्षा जगत सहित पूरे अंचल में शोक का माहौल है।

बुजुर्गों के चेहरे पर आई मुस्कान अदाणी फाउंडेशन ने बाँटे उपकरण

रायगढ़। अंतर्राष्ट्रीय वृद्ध जन दिवस के अवसर पर अदाणी फाउंडेशन ने सामाजिक सरोकार की एक सराहनीय पहल की है। फाउंडेशन की ओर से तमनार क्षेत्र की रोडोपाली और मिलूपारा ग्राम पंचायतों में विशेष शिविर लगाकर 116 वरिष्ठ नागरिकों को आवश्यकता आधारित सहायक उपकरण वितरित किए गए। इस कार्यक्रम का मुख्य उद्देश्य समाज के बुजुर्गों को आत्मनिर्भर बनाना और उनके स्वास्थ्य व सम्मान की रक्षा करना है।



अदाणी फाउंडेशन की इस पहल के तहत वितरित किए गए उपकरणों में वॉकिंग स्टिकए हियरिंग एड और वॉकर शामिल हैं। आधुनिक उपकरणों को पाकर बुजुर्गों के चेहरे खुशी से खिल उठे। लाभार्थियों ने कहा कि इन उपकरणों की मदद से अब वे बिना किसी सहारे के अपनी दैनिक गतिविधियाँ पूरी कर सकेंगे। संस्था द्वारा पारदर्शी तरीके से जरूरतमंदों की पहचान कर उन्हें ये उपकरण सौंपे गए। इसके तहत 116 वरिष्ठ नागरिक लाभार्थी बने। इनमें से रोडोपाली ग्राम पंचायत से 35 और मिलूपारा ग्राम पंचायत से 81 बुजुर्ग शामिल हैं। इससे पहले भी मुडागांव में 30 बुजुर्गों को यह सहायता पहुँचाई जा चुकी है। वितरण कार्यक्रम में स्थानीय सरपंच, उपसरपंच और प्रबुद्ध नागरिकों ने हिस्सा लिया। अतिथियों ने अदाणी फाउंडेशन के इस प्रयास को सामुदायिक विकास की दिशा में एक मील का पत्थर बताया। उन्होंने कहा कि बुजुर्गों को सम्मानजनक जीवन देना पूरे समाज का दायित्व है और ऐसे आयोजनों से समाज में संवेदनशीलता का संचार होता है। कार्यक्रम में अदाणी फाउंडेशन के प्रतिनिधियों ने बताया कि बुजुर्ग हमारे मार्गदर्शक हैं।

बाढ़ प्रभावितों के बीच पहुंचे वित्त मंत्री, ग्रामवासियों से मुलाकात कर सुनी समस्याएं

रायगढ़। वित्त मंत्री ओपी चौधरी पुसौर विकासखंड के हाल में ही बाढ़ प्रभावित ग्राम पंचायत पुसौर तहसील के ग्राम पंचायत पड़ीगांव एवं सूरजगढ़-नवापाली पहुंचे। जहां उन्होंने प्रभावित ग्रामवासियों, किसानों व मछुवारों से मुलाकात की और उनकी समस्याओं को जाना। इसके साथ ही मौके पर उपस्थित अधिकारियों को प्रभावित किसानों व ग्रामवासियों को उचित मुआवजा सहित स्वास्थ्यगत सुविधाएं मुहैया कराने के निर्देश दिए।

वित्त मंत्री श्री चौधरी ने बाढ़ से फसल खराब होने वाले किसानों से चर्चा कर उनके नुकसान की जानकारी ली। उन्होंने उन मछुआरों से भी मुलाकात की जिनकी नाव बाढ़ में बह गई है। वित्त मंत्री ने संबंधित अधिकारियों को प्रभावित किसानों, मछुआरों एवं अन्य ग्रामीणों को नियमानुसार मुआवजा दिलाने के लिए आवश्यक कार्रवाई करने के निर्देश दिए। उन्होंने प्रभावित क्षेत्रों में स्वास्थ्य शिविर आयोजित करने तथा सर्पदंश की स्थिति



को देखते हुए एंटी स्नेक वेनम की पर्याप्त उपलब्धता सुनिश्चित करने के निर्देश दिए। इस दौरान प्रभावित ग्रामवासियों ने क्षेत्र की अन्य समस्याओं से भी वित्त मंत्री को अवगत कराया और इन समस्याओं के समाधान की मांग भी की। वित्त मंत्री श्री चौधरी ने उनकी समस्याएं सुनते हुए संबंधित अधिकारियों को नियमानुसार आवश्यक कार्रवाई कर शीघ्र निराकरण सुनिश्चित करने के निर्देश दिए।

सीएमओ को ज्ञापन सौंप की व्यवस्था दुरूस्त करने की मांग

सड़क, सफाई व बिजली पानी को लेकर कांग्रेस ने खोला मोर्चा

खरसिया। सड़क, सफाई, बिजली और पेयजल जैसी बुनियादी सुविधाओं की नगर में बदहाल स्थिति को लेकर ब्लॉक कांग्रेस कमेटी शहर खरसिया ने पैदल मार्च किया। पूर्व नगर पालिका अध्यक्ष प्रतिनिधि एवं ब्लॉक कांग्रेस कमेटी शहर के अध्यक्ष सुनील शर्मा के नेतृत्व में कांग्रेस कार्यकर्ता शांतिपूर्ण तरीके से पैदल मार्च करते हुए नगर पालिका कार्यालय पहुंचे और मुख्य नगर पालिका अधिकारी नीतु अग्रवाल से मुलाकात कर ज्ञापन सौंपा।

पैदल मार्च की शुरुआत शहीद स्मारक स्थल के सामने स्थित रेस्ट हाउस परिसर से हुई। कांग्रेस कार्यकर्ता पैदल मार्च करते हुए नगर पालिका कार्यालय पहुंचे। यहां प्रतिनिधिमंडल ने सीएमओ नीतू अग्रवाल को ज्ञापन सौंपते हुए नगरवासियों को बुनियादी सुविधाएं उपलब्ध कराने की मांग रखी। इस दौरान कांग्रेस ने कहा है कि नगर के विभिन्न हिस्सों में लंबे समय से सड़क, सफाई, स्ट्रीट लाइट और पेयजल से जुड़ी समस्याएं बनी हुई हैं।



सफाई व्यवस्था में सुधार की मांग

सफाई व्यवस्था को लेकर भी सवाल ज्ञापन में कांग्रेस ने नगर की सफाई व्यवस्था पर सवाल उठाते हुए कहा कि कई वार्डों में जगह-जगह कचरे के ढेर लगे हुए हैं, जिससे मच्छर और बीमारी फैलने का खतरा बना हुआ है। पुरानी बस्ती, ठाकुरदिया, हमालपारा, गंज पीछे और झाड़ू क्षेत्र सहित अन्य स्थानों पर नियमित सफाई नहीं होने का आरोप लगाया गया। स्ट्रीट लाइट और पेयजल की समस्या कांग्रेस ने वार्डों में खराब एवं अनुपलब्ध स्ट्रीट लाइट की समस्या भी उठाई। ज्ञापन में कहा गया कि कई स्थानों पर खंभों में स्ट्रीट लाइट नहीं होने से रात के समय अंधेरा रहता है।

मुख्य सड़कों की स्थिति को लेकर कहा गया कि रेलवे स्टेशन से गांधी चौक तक सड़क कई स्थानों पर क्षतिग्रस्त है और अग्रसेन भवन के आगे गड्ढों के कारण लोगों को परेशानी हो रही है। गांधी चौक से राठौर चौक होते हुए हेमू कल्याणी चौक तक सड़क की स्थिति भी खराब होने का उल्लेख ज्ञापन में किया गया है। इसके अलावा पोस्ट ऑफिस से बस्ती चौक होते हुए सब्जी मार्केट जाने वाली सड़क तथा विभिन्न वार्डों की आंतरिक सड़कों की खराब स्थिति की ओर भी ध्यान आकृष्ट कराया गया है। हमालपारा के वार्ड क्रमांक 4 और 5 की सड़कों को लेकर भी शिकायत दर्ज कराई गई है। पिछले करीब छह माह से खराब पड़े बोरों की मरम्मत नहीं कराई जा रही है।

राम सप्ताह के चौथे दिन, एसएसपी भी हुए शामिल

खरसिया। नगर में आयोजित राम सप्ताह के चौथे दिन मंदिर परिसर में भक्ति और श्रद्धा का माहौल देखने को मिला। सियाराम सखा मंडल द्वारा आयोजित कार्यक्रम में बड़ी संख्या में बच्चे और युवा शामिल हुए। बच्चों ने श्री हनुमान चालीसा का सामूहिक पाठ किया, भजनों में प्रस्तुतियां दीं।

कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक शशिमोहन सिंह शामिल हुए। आयोजन समिति एवं बच्चों द्वारा उनका स्वागत किया गया। स्वागत के दौरान बच्चों ने सांस्कृतिक नृत्य की प्रस्तुति दी। कार्यक्रम को संबोधित करते हुए वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक शशिमोहन सिंह ने



कहा कि यहां आकर बच्चों और युवाओं की भक्ति देखकर उन्हें अलग तरह का अनुभव हो रहा है। उन्होंने सियाराम सखा मंडल से जुड़े युवाओं की सराहना करते हुए कहा कि वे अपनी संस्कृति और सनातन परंपरा को आगे बढ़ाने का कार्य कर रहे हैं। वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक ने अपने संबोधन में कैप्टन स्मिथ का उदाहरण देते हुए हनुमान चालीसा की आस्था और शक्ति का भी उल्लेख किया। उन्होंने कहा कि हनुमान चालीसा से जुड़ी आस्था और उसके प्रभाव का उदाहरण लोगों के सामने है। साथ ही वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक शशिमोहन सिंह ने कहा अंकित अग्रवाल मनोज गोयल सहित सभी युवा साथियों को सनातन धर्म को आगे लाने और सामाजिक कार्यों में भी निरंतर योगदान को सराहा। राम सप्ताह के दौरान बच्चों की सहभागिता आयोजन का विशेष आकर्षण रही। सैकड़ों बच्चों ने धार्मिक एवं सांस्कृतिक प्रस्तुतियों के माध्यम से अपनी प्रतिभा दिखाई।





ऑरा इंडिया टूर : सात शहरों में होंगे दिलजीत के कॉन्सर्ट

नई दिल्ली। पंजाबी सिंगर दिलजीत दोसांझ का मोस्ट अवेटेड 'ऑरा इंडिया टूर 2026' आने वाला है। कुछ महीनों पहले ही गायक ने लंदन के वेम्बली में परफॉर्म करते हुए यह ऐलान किया था कि वह अहमदाबाद में जल्द कॉन्सर्ट करने जा रहे हैं। दरअसल, दिलजीत देश के सात शहरों में परफॉर्म करने वाले हैं। यह टूर नवंबर और दिसंबर में होगा। सिर्फ इतना ही नहीं, इसकी टिकट और तारीखों का ऐलान भी हो गया है। भारत में यह टूर 1 नवंबर को दिल्ली-एनसीआर से शुरू होगा। इसके बाद 15 नवंबर को इंदौर, 21 नवंबर को अहमदाबाद, 27 नवंबर को मुंबई, 29 नवंबर को बेंगलुरु और 5 दिसंबर को लखनऊ में शो होगा।

लाइफ Style

मृणाल

घर की अलमारी से चुराती थीं घड़ियां

एजेंसी ⏭ नई दिल्ली

अभिनेत्री मृणाल ठाकुर इन दिनों फिल्म 'पूजा मेरी जान' को लेकर चर्चा में बनी हुई हैं। अब हाल ही में उन्होंने एक इंटरव्यू दिया, जिसमें बताया कि वह अपनी मां की अलमारी से घड़ियां चुरा लेती थीं। साथ ही उन्होंने इसकी वजह भी बताई है।

अभिनेत्री मृणाल ठाकुर अभिनय के साथ-साथ अक्सर अपने क्लासिक फैशन सेंस को लेकर भी काफी चर्चा में बनी रहती हैं। अब हाल ही में एक्ट्रेस ने बताया है कि उन्हें क्लासिक घड़ियों से बहुत प्यार है और यह प्यार उनको उनकी मां से मिला, जिन्हें वह क्लासिक लेडी कहती हैं। मृणाल ने बताया कि कई बार खास मौकों के लिए वह अपनी मां की अलमारी से उनकी घड़ियां चुरा लिया करती थीं। एएनआई से बात करते हुए अभिनेत्री ने कहा, 'मुझे लगता है कि मेरी मां ने मुझे बिगाड़ दिया, क्योंकि वह हमेशा से एक क्लासिक महिला रही हैं। कई बार अपने सबसे खास मौकों के लिए मैं उनकी घड़ी चुरा लेती थी। दरअसल, अभिनेत्री वसंत कुंज के डीएलएफ प्रोमेनेड में टिसॉट बुटीक के लॉन्च पर पहुंची थीं। वहां एक्ट्रेस ने कहा कि अब वह रेड-कार्पेट अपीयरेंस और फॉर्मल मीटिंग से लेकर डिनर तक अलग-अलग मौकों पर अपने कलेक्शन की घड़ियों को शामिल करने की योजना बना रही हैं। मृणाल के लिए घड़ी सिर्फ समय देखने की चीज नहीं है। वह इसे एक जरूरी एक्सेसरी मानती हैं, जो उनके व्यक्तित्व और पहचान को दिखाने में मदद करती है और उनके सादे स्टाइल को पूरा करती है।



हॉलीवुड मसाला



डिगर के फ्लॉप पर नहीं हैं दुखी

लॉस एंजिल्स। टॉम क्रूज की बहुप्रतिक्षित फिल्म 'डिगर' की शुरुआत बॉक्स ऑफिस पर संतोषजनक नहीं रही। मगर फिल्म के इस प्रदर्शन से एक्टर के उत्साह में कोई कमी नहीं आई। उन्होंने सोशल मीडिया पर बीटीएस तस्वीर शेयर करने साथ टीम के लिए एक भावुक पोस्ट साझा किया। बीते शनिवार टॉम क्रूज ने इंस्टाग्राम पर पोस्ट शेयर किया। इसमें उन्होंने फिल्म की कई बीटीएस तस्वीरें शेयर कीं। उन्होंने इन फोटोज के साथ अपनी टीम के लिए एक प्यार भरा कैप्शन लिखा।



इस्लाम विरोधी बयान से कॅरियर हो गया खत्म

लॉस एंजिल्स। अमेरिकी एक्ट्रेस सेल्मा ब्लेयर ने एक चौंकाने वाला खुलासा किया है। क्रूएल इंटेंशन्स, लीगली ब्लॉन्ड, द स्वीटेस्ट थिंग और हेलबॉय फ्रेंचाइजी फेम सेल्मा ब्लेयर ने बताया है कि दो साल पहले 'इस्लाम-विरोधी' बयान के बाद उन्हें न सिर्फ सोशल मीडिया पर लोगों की खूब आलोचना झेलनी पड़ी, बल्कि इसने उनके हॉलीवुड कॅरियर को भी 'खत्म' कर दिया। 54 साल की सेल्मा ब्लेयर हाल ही द ज्यूइश म्यूजियम में एंटी-डिफेमेशन लीग के 'स्टेट ऑफ द आर्ट्स' कार्यक्रम में पहुंची थीं, जहां उनका कॅरियर को लेकर दर्द छलका। सेल्मा ब्लेयर ने दो साल पहले फरवरी 2024 में इजराइल-हमास युद्ध के दौरान सीरियाई-यहूदी शरणार्थी अब्राहम हमरा के एक इंस्ट्राग्राम वीडिया पर 'एंटी-इस्लाम' कमेंट किया था। अब सेल्मा ब्लेयर ने इवेंट में कहा, 'मैं जानती हूं कि सब कुछ खत्म हो जाने का एहसास कैसा होता है।



हिंदी फिल्मों का गणित बिगाड़ेगी 'ओम'

नई दिल्ली। तेरे इश्क में और कारा जैसी कई शानदार फिल्मों से फैंस का दिल जीतने वाले अभिनेता धनुष लंबे समय से अपनी अपकमिंग मूवी ओम चैप्टर-1 को लेकर चर्चा में बने हुए हैं। 16 अक्टूबर को ओम चैप्टर-1 को दुनियाभर के सिनेमाघरों में रिलीज किया जाना था। लेकिन , ओम चैप्टर-1 को 26 नवंबर को थिएटर्स में रिलीज किया जाएगा। ओम चैप्टर-1 अब नई रिलीज डेट 26 नवंबर को सिनेमाघरों में दस्तक देगी। इस जिसका कारण इसी महीने (अक्टूबर) रिलीज होने वालीं कई बड़ी तमिल फिल्में हैं। 26 नवंबर को ओम चैप्टर-1 को रिलीज किया जाना है और इसके अगले दिन इमरान हाशमी की गनमास्टर जी9 और आयुष्मान खुराना की ये प्रेम मोल लिया आ रही है। ऐसे में बॉक्स ऑफिस पर इन तीनों मूवीज के बीच कड़ी टक्कर देखने को मिल सकती है।



आर माधवन ने खोला यादों का पिटारा

मुंबई। चर्चित अभिनेता आर माधवन सोशल मीडिया पर काफी एक्टिव रहते हैं। लगता है रविवार को फुरसत के पलों में उन्होंने अपना पुराना एल्बम खोल लिया है। इससे कुछ अनदेखी तस्वीरें उन्होंने अपने प्रशंसकों के साथ भी सोशल मीडिया पर साझा की हैं। आर माधवन ने अपने इंस्टाग्राम अकाउंट से पोस्ट शेयर करते हुए एक वीडयो कोलाज पोस्ट किया है। इसमें उनके पुराने दिनों की तस्वीरें हैं, जब दोस्तों की महफिलें सजा करती थीं। तस्वीरों के साथ एक्टर ने लिखा है, 'पुराने दिन'। आर माधवन की इन तस्वीरों में उनकी पत्नी सरिता बिरजे भी नजर आ रही हैं। एक तस्वीर में आर माधवन अपनी मॉडिफाइड बाइक पर सवार होकर पोज देते दिख रहे हैं। यादों की गुल्लक खोलते हुए आर माधवन ने अपने सभी दोस्तों को भी पोस्ट में टैग किया है।

टीवी मसाला



राइज एंड फॉल 2: झगड़ा खत्म कर स्वरा के फिटनेस कोच बने शहजाद

नई दिल्ली। बॉलीवुड अभिनेत्री स्वरा भास्कर फिलहाल रियलिटी शो 'राइज एंड फॉल' सीजन 2 का हिस्सा है। अब हाल ही में वहां से एक्ट्रेस का एक वीडियो सामने आया, जिसमें वह अपनी बेटी राबिया को याद करते हुए रोते नजर आईं और तेज प्रताप यादव अभिनेत्री को चुप करवाते दिखाई दिए। स्वरा भास्कर के लिए काम की वजह से अपनी छोटी सी बेटी से दूर रहना काफी मुश्किल हो रहा है। एक वीडियो सामने आया, जिसमें शहजाद और स्वारा के बीच अच्छी बॉन्डिंग दिखी। शो की शुरुआत में स्वरा भास्कर और शहजाद पूनावाला के बीच अच्छे रिश्ते देखने को नहीं मिले थे। लेकिन जैसे-जैसे यह शो आगे बढ़ रहा है, दोनों के बीच रिश्ते सुधर रहे हैं। हाल ही में शहजाद पूनावाला अभिनेत्री के फिटनेस कोच बने नजर आए। बता दें कि दोनों के बीच शो से बाहर राजनीति ओपिनियन को लेकर टकराव होते रहते हैं। शो का एक और वीडियो वायरल हो रहा है, जिसमें एक्ट्रेस रोती हुई नजर आ रही हैं। वह बार-बार अपनी बेटी राबिया की फोटो देखने या उसका चेहरा देखने की गुजारिश करती दिखाई दीं। जब शो में उनके साथ मौजूद गौतम गुलाटी ने पूछा कि वह इतनी इमोशनल क्यों हो गईं, तो स्वरा ने कहा, 'किसी ने सुशी कहा और मुझे अपनी बेटी की याद आ गई।' स्वरा ने आगे कहा, 'यार उसका फेस दिखा दो, उसकी फोटो दिखा दो प्लीज।' उनकी इस बात से साफ पता चला कि रियलिटी शो के दौरान वह अपनी बेटी को कितना याद कर रही हैं।

तुलसी और मिहिर का शो होगा बंद?

नई दिल्ली। 'क्योंकि सास भी कभी बहू थी 2' 29 जुलाई 2025 को शुरू हुआ था। टीवी के साथ-साथ इस बार यह ओटीटी पर भी स्ट्रीम हुआ। पहले पार्ट की अधिकांश कास्ट शो का हिस्सा बनी और साथ ही नई पीढ़ी के रूप में कुछ नए सितारे जुड़े। इस बार भी इस शो को भर-भरकर प्यार मिला। मगर, चर्चा है कि यह शो अब अलविदा कहने वाला है। बंद होने की चर्चाओं के बीच शो की प्रोड्यूसर एकता कपूर ने भी एक पोस्ट शेयर किया है।



एकता कपूर ने हाल ही में अपने इंस्टाग्राम अकाउंट से एक पोस्ट शेयर किया है। उन्होंने सीरियल की टीम के साथ एक वीडियो साझा किया है। इसके साथ कैप्शन लिखा है, 'इस काम में शामिल सभी लोगों का तहे दिल से शुक्रिया। बस अभी 'क्योंकि...' का आखिरी एपिसोड लिखना खत्म किया है। क्या यह वाकई आखिरी है? एकता कपूर ने आखिरी एपिसोड का जिक्र तो किया है, मगर साथ ही सवाल भी छोड़ दिया है। ऐसे में नेटिजंस पूछ रहे हैं कि क्या वाकई शो बंद हो रहा है? 'क्योंकि सास भी कभी बहू थी 2' में नोयना का किरदार अदा करने वाली एक्ट्रेस बरखा बिष्ट ने कमेंट कर एकता कपूर का शुक्रिया अदा किया है।

1991 में ही बना दी थी टाइम ट्रेवल पर फिल्म

नई दिल्ली। डायरेक्टर सिंगीथम श्रीनिवास राव ने 94 साल की उम्र में अपनी आखिरी सांस ली। सिंगीथम श्रीनिवास को पुष्पक विमाना, आदित्य 369 और सिंग गीथम जैसी फिल्में बनाने के लिए जाना जाता था। सिंगीथम श्रीनिवास का जन्म आंध्र प्रदेश के उदयगिरि, नेल्लोर में 21 सितंबर, 1931 को हुआ था। उन्हें साउथ इंडियन सिनेमा में क्रांति लाने के लिए जाना जाता है। सिंगीथम ने हिंदी, तमिल, तेलुगु, कन्नड़ और अंग्रेजी भाषा में करीब 60 फिल्में डायरेक्ट की हैं।

डायरेक्टर के तौर पर किया था डेब्यू

सिंगीथम श्रीनिवास ने साल 1972 में रिलीज हुई फिल्म नीति नियति से डायरेक्टर के तौर पर अपने कॅरियर की शुरुआत की थी। ये तेलुगु भाषा की एक कॉमेडी फिल्म थी। फिल्म को डायरेक्ट करने के साथ-साथ सिंगीथम श्रीनिवास ने फिल्म को लिखा भी था।



94 की उम्र में भी डायरेक्ट की थी फिल्म

सिंगीथम श्रीनिवास राव ने 94 साल की उम्र में भी काम करना नहीं छोड़ा। उनकी आखिरी फिल्म सिंग गीथम इस साल रिलीज हुई। ये एक म्यूजिकल रोमांटिक कॉमेडी फिल्म है। फिल्म को आप नेटफ्लिक्स पर स्ट्रीम कर सकते हैं। फिल्म में अहिल्या बमरू, अयान और मणि कृष्ण जैसे कलाकार नजर आए हैं।

पॉपुलर फिल्में

पुष्पक विमानाः साल 1987 में रिलीज हुई पुष्पक विमाना में कमल हासन लीड रोल में नजर आए थे। पुष्पक विमाना एक डार्क कॉमेडी फिल्म थी। इस फिल्म ने नेशनल अवॉर्ड समेत कुल 7 अवॉर्ड्स जीते थे। 1988 में श्रीनिवास को बेस्ट फिल्म के लिए नेशनल अवॉर्ड से सम्मानित किया गया था। इस फिल्म की खास बात ये थी कि इस फिल्म में कोई भी डायलॉग नहीं थे।

जीते कई अवॉर्ड्स

श्रीनिवास राव ने अपने शानदार कॅरियर में कई प्रतिष्ठित अवॉर्ड्स अपने नाम किए। श्रीनिवास ने दो नेशनल अवॉर्ड्स (पुष्पक विमाना और दिक्कत्रा पार्वती), तीन नंदी अवॉर्ड्स (मयूरी, वृंदावनम और भैरव द्वीपम), फिल्म हालू जेनू के लिए कर्नाटक राज्य फिल्म पुरस्कार जैसे अवॉर्ड्स जीते। इसी के साथ, 19वें चेन्नई इंटरनेशनल फिल्म फेस्टिवल (2021) में उन्हें लाइफ टाइम अचीवमेंट अवॉर्ड से भी सम्मानित किया गया। साल 2011 में फिल्म फेडरेशन ऑफ इंडिया ने भी उन्हें लाइफटाइम अचीवमेंट अवॉर्ड से सम्मानित किया था।

नीतू ने बैक साइड की फोटो लेने पर तंज भरे लहजे में किया सवाल

मुंबई। नेहा धूपिया और सलमान खान के बाद अब नीतू कपूर ने पैपराजी के बैक साइड की फोटो लेने पर आपत्ति जताई है। उन्होंने कैमरामैन से तंज भरे लहजे में सवाल किया है। बॉलीवुड की दिग्गज अभिनेत्री नीतू कपूर ने पैपराजी के उस चलन पर सवाल उठाया है, जिसमें वे अभिनेत्रियों से कैमरे की तरफ पीठ करके पोज देने के लिए कहते हैं। रविवार को वह मुंबई में नजर आईं। उन्होंने फोटोग्राफर्स के पीछे से फोटो लेने की गुजारिश पर तंज कसते हुए पूछा कि क्या उन्हें ऐसे शॉट्स लेने में खास मजा आता है? जब नीतू कपूर एक जगह से बाहर निकलीं और अपनी कार की ओर जा रही थीं, तो वहां मौजूद फोटोग्राफर्स ने उनसे कैमरे की तरफ पीठ करके पोज देने को कहा। ऐसा करने के बजाय, अभिनेत्री मुड़ीं और तंज भरे अंदाज में उनसे इस गुजारिश के बारे में पूछा। नीतू ने कहा, 'आपको यह बहुत अच्छा लगता है ना, 'बैक'?' पैपराजी ने इस पर ना में जवाब दिया। इसके बाद नीतू अपनी कार में बैठीं और दरवाजा बंद कर लिया। नीतू कपूर का यह रिएक्शन तब आया है, जब नेहा धूपिया ने फोटोग्राफर्स की तरफ से अभिनेत्रियों की गलत तरीके से बैक शॉट्स लेने पर आपत्ति जताई। मुंबई में एक अवॉर्ड इवेंट के दौरान, नेहा ने पैपराजी से सवाल किया और इस हरकत पर नाराजगी जताते हुए कहा, 'तुम लोगों में से बदतमीजी से बैकशॉट कौन लेता है? बंद करो।' नेहा ने साफ किया कि उनकी आपत्ति सिर्फ अपने अनुभव तक ही सीमित नहीं थी। उन्होंने कहा कि वह उन महिलाओं की तरफ से बोल रही थीं जिन्होंने फोटोग्राफरों से बार-बार रुकने के लिए कहा था और जो 'बार-बार यह कहते-कहते थक चुकी थीं।' सलमान खान ने भी 'बिग बॉस 20' में इस मुद्दे पर बात की।



बॉलीवुड में एक शब्द ने बदल दी फिल्मों की कहानियां

हिंदी सिनेमा का 'दिल': कभी दीवाना, कभी पागल, कभी बदतमीज

नई दिल्ली। हिंदी सिनेमा में 1946 से लेकर 2026 तक ऐसी कई फिल्में बनी हैं, जिनमें 'दिल' शब्द का अलग-अलग कहानी को बयां करने के लिए किया गया है। ऐसे कई शब्द हैं, जिनका इस्तेमाल टाइटल में करते हुए हिंदी सिनेमा में बहुत सारी फिल्में बनी। 'दिल' भी उन्हीं में से एक है। पर्दे पर जब किसी किरदार ने प्यार किया, तो टाइटल 'दिल' पड़ गया। जब प्रेम अधूरा रहा, तो 'हम दिल दे चुके सनम' हो गया और जब किसी ने अपनी राह खुद चुनी, तो 'चांद मेरा दिल' बन गया। लगभग 80 वर्षों में साल दर साल इस एक शब्द ने किसी न किसी तरह अलग-अलग टाइटल के साथ जुड़कर बॉलीवुड को कई कहानियां दीं। सिर्फ इतना ही नहीं, दशकों के सफर में प्यार की परिभाषा बदली, रिश्तों का स्वरूप बदला, नायक-नायिका बदले, कहानियों का अंदाज बदला, लेकिन दिल अपनी जगह बना रहा। खास बात ये है कि यह सफर सिर्फ फिल्मों तक सीमित नहीं रहा। बल्कि, फिल्मों के गाने और टीवी शो में भी इसका खूब इस्तेमाल हुआ।

जब दिल से हुई शुरुआत

हिंदी सिनेमा के इतिहास में 'दिल' शब्द का इस्तेमाल सबसे पहले 1946 में रिलीज हुई फिल्म के टाइटल में हुआ था। इस फिल्म का नाम ही 'दिल' था। इस फिल्म का निर्देशन एस. एफ. हसनैन ने किया था और इसमें नूरजहां, अमीना नजर आए थे। यह ब्लैक एंड व्हाइट ड्रामा फिल्म थी।

1950-60 के दशक में कैसे हुआ दिल का इस्तेमाल

1950 और 1960 के दशक में 'दिल' वाले फिल्मी टाइटल तेजी से बढ़े। 1959 में आई 'दिल देके देखो'। अगले ही साल 'दिल अपना और प्रीत पराई' आई, जिसका टाइटल ही प्रेम और सामाजिक रिश्तों के बीच तनाव को सामने रखता है। 1960 में ही 'दिल भी तेरा हम भी तेरे', 1962 में 'दिल तेरा दीवाना', 1963 में 'दिल एक मंदिर', 'दिल एक सौ अफसाने' और 1966 में 'दिल दिया दर्द लिया' जैसे टाइटल ने इस शब्द को अलग-अलग इमोशनल मीनिंग दिए। यानी 'दिल' एक ही दशक में कई रूप ले चुका था, जिसमें वह कभी दीवाना बना, तो कभी मंदिर और उसी ने दर्द भी दिया।



80 के दशक में 'दिल' गानों में हुआ ज्यादा इस्तेमाल

1980 के दशक में फिल्मों के नामों में 'दिल' मौजूद रहा, लेकिन इस दौर में दिल की सबसे बड़ी ताकत गानों में दिखाई दी। दिल के झरोखे में, दिल क्या करे, दिलबर मेरे, मेरा दिल भी कितना पागल है जैसे गानों ने दिल को प्रेम की भाषा से आगे बढ़ाकर व्यक्तिगत भावनाओं की भाषा बनाया।

70 के दशक में बदलने लगी दिल की दुनिया : 1970 के दशक तक हिंदी सिनेमा में रोमांस के साथ-साथ सामाजिक और पारिवारिक संघर्ष भी मजबूत हो रहे थे। ऐसे में आई 1972 में 'दिल दौलत दुनिया', 1978 में 'दिल और दीवार', 'दिल से मिले दिल', 1979 में 'दिल का हीरा'। इनके साथ 'दिल' अब केवल प्रेम कहानी का शब्द नहीं रह गया था। अब दिल को दौलत, दुनिया, दीवार, हीरे और रिश्तों के साथ रखा जा रहा था।

90 के दशक में हुआ 'दिल' का रोमांटिक विस्फोट

अगर हिंदी सिनेमा के इतिहास में किसी एक दशक को 'दिल का दशक' कहा जाए, तो वह 1990 का दशक होगा। इस साल इंद्र कुमार की 1990 में 'दिल' आई। आमिर खान और माधुरी दीक्षित की यह फिल्म प्रेम, परिवार, अहंकार और सामाजिक हैसियत के टकराव की कहानी थी। फिर 1991 'दिल है कि मानता नहीं' आई। इसमें आमिर खान और पूजा भट्ट नजर आए। इसके बाद 1993 में दिल तेरा आशिक, 1994 में दिलवाले, 1995 में दिलवाले दुल्हनिया ले जाएंगे आई। इसमें लोगों को राज और सिमरन की कहानी देखने को मिली, जो आज भी बहुत मशहूर है। 1997 में दिल तो पागल है आई। 1998 में 'दिल से' ने दस्तक दी। इसमें शाहरुख खान और मनीषा कोइराला नजर आए। 1999 में 'हम दिल दे चुके सनम' और 'दिल क्या करे' ने दस्तक दी।

2000-26 के दशक में दोस्ती से जुड़ा दिल का खेल

साल 2000 में 'फिर भी दिल है हिंदुस्तानी' और 'हमारा दिल आपके पास है' आई। इसके बाद 2001 में दिल दोस्त चाहता है, 2002 में दिल है तुम्हारा, 2003 में दिल का रिश्ता और ये दिल आई। साल 2004 में दिल मांगे मोर, 2005 में दिल जो भी कहे, 2006 में दिल दिया है आई। 2007 में दिल दोस्ती **Etc**', 2008 में दिल कबड्डी'और 2009 में दिल बोले हडिप्पा आई। साल 2011 से लेकर 2026 तक में दिल टाइटल के साथ दिल तो बच्चा है जी, दिल धड़कने दो, ऐ दिल है मुश्किल, पल पल दिल के पास, दिल बेचारा, दिल दोस्ती और डॉग्स जैसी फिल्में आई।





सामूहिक प्रयास से सारंगढ़-बिलाईगढ़ जिले का होगा विकास

4 अक्टूबर को सारंगढ़-बिलाईगढ़ जिले में हरिभूमि आईएनएच की ओर से जिला संवाद कार्यक्रम आयोजित किया गया था। इस दौरान हरिभूमि आईएनएच के प्रधान संपादक डॉ हिमांशु द्विवेदी ने क्षेत्र में विकास की संभावनाओं और सरकार द्वारा बीते तीन सालों में किए विकास को लेकर क्षेत्र के जनप्रतिनिधियों से सार्थक चर्चा की।

विकास की हो रही बौछारः कमलेश

चर्चा की प्रारंभिक शुरुआत नगर पंचायत सरिया के अध्यक्ष कमलेश अग्रवाल, जिला पंचायत सदस्य डॉ अभिलाषा कैलाश नायक, कांग्रेस के प्रखर वक्ता और जिला पंचायत सदस्य विनोद भारद्वाज, जनपद अध्यक्ष ममता राजीव सिंह और पूर्व विधायक पद्मा घनश्याम मनहर से हुई। इस दौरान एक सवाल का जवाब देते हुए नगर पंचायत सरिया के अध्यक्ष कमलेश अग्रवाल ने कहा कि जिले में विकास की बौछार हो रही है। यहां स्वास्थ्य शिक्षा समेत अन्य विकास को लेकर काम लगातार जारी है । उन्होंने कहा कि सरिया की सबसे बड़ी जरूर स्वास्थ्य सुविधाएं थी । इसे देखते हुए ट्रिपल इंजन की सरकार ने 100 बेड अस्पताल की सौगात दी है । इस क्षेत्र में स्वास्थ्य सुविधाओं का अभाव होने की वजह से लोग इलाज के लिए उड़ीसा के अस्पतालों में पहुंचते थे जिससे समय और पैसे दोनों जाया होती थी । अब सरिया में 100 बेड अस्पताल की सौगात मिलने के बाद न केवल नगर पंचायत सरिया को ही इसका लाभ मिलेगा अपितु पूरे क्षेत्र के लोगों को स्वास्थ्य सुविधाएं मिलेगी । उन्होंने शिक्षा के क्षेत्र में हो रहे विकास का बखान करते हुए कहा कि सरिया में हाई स्कूल के लिए नया भवन तैयार हो चुका है और वहां सुचारू पढ़ाई जारी है । पीएम श्री स्कूल भी यहां चालू हो गई है। शिक्षा के क्षेत्र में काफी काम हो रहे हैं आगे भी अनवरत होता रहेगा। यहां किसी भी तरह की जरूरत को पूरा करने के लिए सरकार से एक बा आग्रह करने की जरूरत होती है।



विकास की है असीम संभावनाएंः रतन

कैट के जिलाध्यक्ष रतन शर्मा ने नए जिले की विकास की संभावनाओं को लेकर बताया कि यहां व्यापारिक दृष्टिकोण से काफी संभावनाएं हैं। इसके लिए सामूहिक प्रयास की जरूरत है। उन्होंने बताया कि कैट के अध्यक्ष बनने के बाद और उसके पहले उन्होंने व्यापारियों के हित में काफी काम किया है। उन्होंने बताया कि बरमकेला में एक बैंक है, इसके चलते किसानों से लेकर अन्य ग्राहकों को काफी परेशानी होती थी, ऐसे में उन्होंने कोशिश की और बरमकेला में एचडीएफसी का बैंक खुल गया। इसके लिए बकायदा उनके पास देश के वित्त मंत्री का पत्र आया था। उन्होंने ने सारंगढ़ के विकास को लेकर कहा कि लोगों को जागरूक होने की जरूरत है, इससे सामूहिक प्रयास होगा और यहां अच्छा काम होगा। उन्होंने जानकारी देते है खा की बरमकेला एरिया में शक्कर कारखाना खुलना था लेकिन खुल भी सका। इसके क्या वजह रही यह उनको पता नहीं हैं। श्री शर्मा ने कहा कि व्यापार सुगमता से चले इसके लिए एक ऐसी सुचारू व्यवस्था की जरूरत बताई जिससे आसानी से व्यापार व्यवसाय हो सके। उन्होंने कुछ व्यवस्थाओं को लेकर कहा कि यह छोटी जगह है और छोटी जगहों पर काम करने बहुत दिक्कत होती है। बरमकेला में अच्छे डॉक्टर भी नहीं हैं, ट्रेजरी, तहसील, एसडीएम कार्यालय की जरूरत है। चुना पत्थर का मुद्दा स्थानीय है।

किंकारी डेम मरम्मत की राशि है स्वीकृत : डा.अभिलाषा

जिला पंचायत सदस्य डॉ अभिलाषा कैलाश नायक ने कहा कि इस क्षेत्र के किसानों को अभी तक किसी भी तरह की समस्याओं का सामना करना नहीं पड़ रहा है। बीते खरीफ सीजन में किसानों ने आसानी से खरीदी केंद्रों में धान बिक्री किया है। एकमुश्त उनको राशि मिली है। रही बात सिंचाई सुविधाओं की तो बरमकेला क्षेत्र में किंकारी डेम है, जिससे बरमकेला क्षेत्र के काफी एरिया की सिंचाई होती है, वह काफी जर्जर हो चुकी है। उसकी मरम्मत के लिए मंत्री ओपी चौधरी से चर्चा की गई और मरम्मत के लिए राशि स्वीकृत हो चुकी है। इसी तरह रिसोरा क्षेत्र की लाइफ लाइन कही जाने वाली डेम है उसकी मरम्मत की राशि भी स्वीकृत है। उन्होंने सरकारी कार्यालयों को लेकर कहा कि बरमकेला से सारंगढ़ की दूरी केवल 30 मिनट का ही है। सारंगढ़ जिला बनने के बाद वहां कलेक्टर एसपी बैठते हैं और उनसे आसानी से मुलाकात हो जाती है। किसी भी काम के लिए कोई परेशानी नहीं होती है। बाकी जो कार्यालय नहीं है वह आने वाले समय में खुल जाएगा।

शहर हो जाएगा धूल धूसरित : विनोद

कांग्रेस के प्रखर वक्ता और जिला पंचायत सदस्य विनोद भारद्वाज ने जिला संवाद के अवसर पर मंच से चुना पत्थर खदान का मुद्दा उठाया। उन्होंने सरकार पर आरोप लगाते हुए कहा कि शहर में जहां कलेक्टर एसपी के अलावा अन्य प्रमुख कार्यालय संचालित है वहां चुना पत्थर खदान की स्वीकृति दी जा रही है। इससे पूरा शहर धूल धूसरित हो जाएगा और प्रदूषण की मार शहरवासियों को झेलना पड़ेगा। उन्होंने ने विकास के मुद्दे पर चर्चा करते हुए कहा कि जिला निर्माण संघर्ष समिति की सालों पुरानी मांग पूर्व मुख्यमंत्री भूपेश बघेल ने पूरा किया। उस दौरान यहां की विकास के लिए 540 करोड़ दिया था, लेकिन बीजेपी की सरकार बनी तब से लेकर अब तक विकास पूरी तरह से ठप्प पड़े हुए हैं, सड़कें जर्जर हैं, इसमें चलते नहीं बन रहा है। बीजेपी सरकार आई तो 36 करोड़ का टेंडर हुआ था वह राशि भी लौट गई। जिले की सबसे बड़ी मांग जिला निर्माण तो कांग्रेस सरकार ने पूरा कर दिया लेकिन अब यहां सौतेला व्यवहार किया जा रहा है। रेल लाइन की सालों पुरानी मांग है, सीएम विष्णु देव जी जब सांसद थे तब उन्होंने आश्वासन दिया लेकिन सारंगढ़ रेल लाइन से अभी भी अछूता ही है। विनोद भारद्वाज ने कहा कि बदहाल सड़क यहां की विकास गाथा कह रही है।

जागरुक होने की है जरुरत : सतीश यादव

इसी तरह हरिभूमि आईएनएच के प्रधान संपादक डॉ हिमांशु द्विवेदी के सवालों का जवाब देते हुए समाजसेवी सतीश यादव ने कहा कि युवाओं में नशे की प्रवृत्ति बढ़ते जा रही है, अवैध तरीके से कच्ची और अन्य शराब बिक रही है। इसे रोकने की जरूरत है। इसके लिए लोगों को ही जागरूक होने की जरूरत हैं उन्होंने शिक्षा, स्वास्थ्य और सुरक्षा को लेकर पूछे गए एक सवाल के जवाब में कहा कि ग्रामीण जागरूक होंगे तो शिक्षा से लेकर अन्य सरकारी योजनाओं से वंचित नहीं होंगे। उन्होंने जिले की कानून व्यवस्था की तारीफ की लेकिन अवैध तरीके से बिक रही शराब और बढ़ रहे अपराध को लेकर भी मुखरता से बात रखी।

सारंगढ़ क्षेत्र में उद्योग की है जरुरतः संगीत सिंह

चर्चा के दौर को आगे बढ़ाते हुए प्रधान संपादक डॉ हिमांशु द्विवेदी ने चेंबर ऑफ कॉमर्स के अध्यक्ष संगीत सिंह ठाकुर से सारंगढ़ के विकास को लेकर सवाल किया। सवाल का जवाब देते हुए श्री ठाकुर ने कहा कि सारंगढ़ क्षेत्र में इंडस्ट्री की आवश्यकता है । चूना पत्थर खदान का चेंबर ऑफ कॉमर्स समर्थन करता है। खदान चालू होगा तो सीमेंट कारखाना खुलेगा। कृषि आधारित कारखाना खुलेगा, इसे रोजगार का सृजन होगा और क्षेत्र का विकास होगा। हालांकि उन्होंने कहा कि दोनों सरकारों के पास कोई विजन नहीं है यहां के जनप्रतिनिधि भी उद्योगों की मांग नहीं करते हैं। व्यापारियों के लिए कुछ चीजों, कुछ नियमों में शिथिलता जरूरी है इससे व्यापार व्यवसाय में आसानी होती है।

पार्किंग की है जरुरत : मुकेश अग्रवाल

चर्चा के दौरान राइस मिल एसोसिएशन के अध्यक्ष मुकेश अग्रवाल ने प्रधान संपादक डॉ हिमांशु द्विवेदी के सवालों का जवाब देते हुए कहा कि सरकार कोई भी हो किसानों को प्राथमिकता देती है। किसानों से ही राइस मिल का नाता जुड़ा हुआ है। जितना ज्यादा धान उत्पादन होगा उतनी अच्छी राइस मिल चलेगी। इसके लिए हर सरकार प्रयास करती है। छत्तीसगढ़ को धान का कटोरा कहा जाता है। जिले में लगातार मिल खुल रहे हैं। कष्टम मिलिंग के तहत मिलर मिलिंग करते हैं, इससे पीडीएस का चावल मिलता है। उन्होंने चावल व्यवसाय में आ रही दिक्कतों को लेकर कहा कि नागरिक आपूर्ति निगम में चावल तो आसानी से जमा हो जाती है , लेकिन एफसीआई में चावल जमा करने में काफी दिक्कतों का सामना करना पड़ता है। इसके लिए राइस मिल एसोसिएशन की ओर से काफी प्रयास किए जाते हैं ताकि मिलरों को किसी तरह की परेशानी ना हो और आसानी से उनका चावल जमा हो जाए। उन्होंने कहा कि सारंगढ़ में पार्किंग की व्यवस्था नहीं है इसके कारण काफी दिक्कत होती है। प्रशासनिक तौर पर कड़ाई होने की वजह कभी-कभी व्यापार व्यवसाय में भी दिक्कत आती है।

जिला तो बन गया, विकास पीछे रह गया : ममता

जनपद अध्यक्ष ममता राजीव सिंह ने मंच से शहर की सबसे बड़ी और ज्वलंत समस्या चुना पत्थर खदान का उठाया। उन्होंने कहा कि इस समस्या को लेकर बड़ा जनांदोलन हुआ था और पूरे जिले के लोगों ने इसका समर्थन किया था। उन्होंने कहा कि ग्रामीण स्तर पर विकास हुए हैं लेकिन शहर में यह काफी पीछे हो गया है उन्होंने आरोप लगाते हुए कहा कि जिला तो बन गया लेकिन विकास काफी पीछे रह गया। सड़कों की बदहाल हालत को लेकर भी उन्होंने काफी तीखे सवाल दागे। कहा कि गौरव पथ में गाड़ी तो दूर पैदल चलना भी दूभर हो गया है। जब बच्चे स्कूल से लौटते हैं तो सबसे पहले एक ही सवाल करते हैं जर्जर सड़क की धूल से कपड़े और बाल खराब हो रहे हैं। उन्होंने कहा कि जर्जर सड़कों से उठ रही धूल के गुब्बार से दमा जैसी गंभीर बीमारी के लोग शिकार भी हो रहे हैं।

विकास के नाम पर बज रहा है ढोल : पदमा मनहर

जिला संवाद के मंच से सारंगढ़ के पूर्व विधायक पदमा घनश्याम मनहर ने आरोप लगाते हुए कहा कि यहां विकास के ढोल तो जरूर पीटा जा रहा है, लेकिन इस ढोल में पोल ही पोल है। उन्होंने उन्होंने कहा कि सारंगढ़ वीडियो के बरसों पुरानी जिला निर्माण की मांग पूर्ववर्ती कांग्रेस की सरकार ने सौगात देकर पूरा कर दिया था उसे दौर में जो विकास हुए थे आज भी वही नजर आ रहा है ढाई सालों में कोई काम नहीं हुआ है उन्होंने भी चूना पत्थर का मुद्दा उठाते हुए कहा कि 2008 में जब वह विधायक बनी तब इसका विरोध किया गया था। तब चूना पत्थर खदान स्वीकृति का मामला रुक गया था, लेकिन जैसे ही भाजपा की सरकार बनी वैसे ही चूना पत्थर खदान चालू करने की कवायद भी शुरू हो गई। कांग्रेस की सरकार गरीबों के लिए काम करती है उनका विकास करती है और बीजेपी उद्योगपतियों का विकास करती है। 2011 में सांसद रहते हुए सीएम विष्णु देव साय ने कई घोषणाएं की गई थी लेकिन पूरा नहीं हुआ। 18 करोड़ का गौरव पद का पैसा भी बीजेपी सरकार के दौर में लेप्स हो गया।



विभिन्न क्षेत्रों में उपलब्धि हासिल करने वाली डा.माधुरी त्रिपाठी हुई सम्मानित।



प्रसूति रोग विशेषज्ञ डा.लीना पुराइन।



राष्ट्रपति पुरस्कार से सम्मानित सुनीता यादव।



गंभीर अपराध में उत्कृष्ठ कार्य के लिए सम्मानित प्रधान आरक्षक भुनेश्वर पंडा।



सजा दिलाने में उत्कृष्ठ कार्य के लिए सम्मानित सहायक उप निरीक्षक टीकाराम।



राज्यपाल पुरस्कार से सम्मानित सरिता सिदार।



पूर्व भाजपा जिला अध्यक्ष सुभाष जालान।



